हर दिन Poisons Information Centres (विष सूचना केंद्रों) को छोटे बच्चों के वेप्स के संपर्क में आने के बारे में कॉल आती हैं।

Poisons Information Centre दिन के 24 घंटे, सप्ताह के 7 दिन विशेषज्ञ सलाह प्रदान करता है - 13 1126 पर कॉल करें।

अपने घर और कार को धुएँ और वेप से मुक्त रखें।

यदि आप धूम्रपान या वेप करते/ती हैं, तो अपने स्वास्थ्य और अपने बच्चों के स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छा कदम जो आप उठा सकते/ती हैं, वह इसे हमेशा के लिए छोड़ देना है। Quitline (क्विटलाइन) को 13 7848 पर कॉल करें।

NSW GOVERNMENT

2023 © NSW Health. SHPN (CPH) 240030-1

NSW GOVERNMENT

Keep young children safe around vapes

Hindi

छोटे बच्चों को वेप्स के आसपास सुरक्षित रखें

कई वेप्स (जिन्हें ई-सिगरेट भी कहा जाता है) में बड़ी मात्रा में निकोटीन होता है, भले ही यह लेबल पर न लिखा हो।

एक छोटे बच्चे/बच्ची की निकोटीन की बहुत कम मात्रा से मृत्यु हो सकती है।

वेप्स छोटे बच्चों के लिए बहुत आकर्षक होते हैं लेकिन वे बच्चों के लिए प्रतिरोधी नहीं होते हैं।

सभी वेप्स छोटे बच्चों के लिए ख़तरा हो सकते हैं यदि वे साँस के साथ अंदर चले जाएँ, निगले जाएँ या त्वचा पर गिर जाएँ।

छोटे बच्चों के आसपास वेप्स का प्रयोग न करें।

वेप्स को बंद रखें और बच्चों की पहुँच से दूर रखें।

यदि आपको लगता है कि कोई बच्चा वेप की सामग्री के संपर्क में आ गया है, या उसने वेप में मौजूद तरल पदार्थ को साँस के साथ निगल लिया है या अपनी त्वचा पर गिरा दिया है, तो विष सूचना केंद्र (Poisons Information Centre) को 13 1126 पर कॉल करें।

यदि वे गिर गए हैं या सांस नहीं ले रहे हैं, तो तुरंत एम्बुलेंस के लिए 000 पर कॉल करें।

एक छोटा बच्चे/बच्ची की निकोटीन की बहुत कम मात्रा से मृत्यु हो सकती है।

उच्च निकोटीन के गाढ़ेपन और खराब गुणवत्ता वाली पैकेजिंग के कारण वेप्स में मौजूद तरल विषाक्तता का उच्च जोखिम हो सकता है।

वेपिंग एक्सपोज़र के सामान्य लक्षण हैं:

- खाँसना
- उल्टी करना
- उनींदापन और
- साँस लेने में दिक्कत

वेप्स और वेप तरल पदार्थों का सुरक्षित रूप से ऐसी जगह निपटान करें जहाँ वे बच्चों को न मिलें।